न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर

तारीख हुक्म		हुक्म या कार्यवाही, मय इनिशियन्स जज	नम्बर अहकाम को तामील हु
		~~राजस्व अपील सं0 409/2022~~ अनवान ***मनोज बोथरा*** ***बनाम शांति के का0मु0 वगैरा***	
05.06.24		पत्रावली उभय पक्ष द्वारा प्रस्तुत राजीनामा व मिसल तलबी के प्रार्थना पत्र के क्रम में तलब की जाकर आज दिनांक को तारीख पेशी पर ली गई। अपीलांट–श्री मनोज बोथरा एवं रेस्पो0सं0 1/1–सोमादेवी स्वयं तथा उनके अधिवक्ता क्रमशः श्री सिद्धार्थ परिहार एवं एम.डी. मेहर उपस्थित। रेस्पो0 सं 2 से 10 जरिये खास मुख्तयार– नामा रेस्पो0सं0 1/1–सोमादेवी मय अधिवक्ता उपस्थित। अपीलांट एवं रेस्पो0सं0 1/1 से 10 व उनके अधिवक्ताओं द्वारा प्रस्तुत राजीनामा के अनुसार अपीलांट–मनोज बोथरा के पक्ष में तहसील लूणी स्थित ग्राम भाकरासनी के खसरा नं0 185 में से जरिये पंजीबद्ध बेचानामों से क्रयसुदा भूमि में रेस्पो0सं0 1 से 10 के अधिकार प्रभावित नही होते है। अर्थात अपीलांट मनोज बोथरा की क्रयसुदा भूमि के अलावा उक्त खसरान का शेष रकबा भूमि में रेस्पो0सं0 1/1 से 10 का हित अधिकार सुरक्षित है। अतः जरिये राजीनामा अपीलांट के हक व हिस्से तक की क्रयसुदा भूमि को अपीलाधीन आदेश से मुक्त रखते हुए उक्त खसरान की शेष रकबा भूमि रेस्पो0सं0 1/1 से 10 के संबंध में अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी लूणी द्वारा राजस्व अपील सं0 18/2021 अनवान शांति वगैरा बनाम सुरजाराम वगैरा में पारित अपीलाधीन आदेश दिनांक 28.03.2022 को यथावत रखा जाकर, अपील अपीलांट जरिये राजीनामा निस्तारित की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर की जावे। अधीनस्थ न्यायालय का रेकर्ड निर्णय की सत्यप्रति के साथ लौटाया जावे। निर्णय आज दिनांक खुले न्यायालय लिखाया जाकर सुनाया गया। 05/06/24 (अजीत सिंह राजावत) अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर	